सार्थक दीपावली
आइए खुशियां बांटें
दैनिक भास्कर
हर घर में मां लक्ष्मी पधारें, यही मंगलकामना...
शुभ दीपावली
जयपुर, गुरुवार 31 अक्टूबर, 2024
12 राज्य | 61 संस्करण
शेखावाटी भास्कर
झुंझुनूं | गुरुवार, 31 अक्टूबर 2024
झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी
नवलगढ़ • मलसीसर • सूरजगढ़
dainikbhaskar.com
शुभ दीपावली
झुंझुनूं • चिड़ावा • मुकुंदगढ़ • बगड़ • पिलानी
दैनिक भास्कर | झुंझुनूं
गुरुवार, 31 अक्टूबर 2024 17

धन्वंतरि जयंती : सीएसआईआर–सीरी में राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया

पिलानी | सीरी पिलानी में नौवां राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस मनाया गया। अध्यक्षता सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया ने की। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के दौरान आयुर्वेदिक दवाओं एवं आयुर्वेद पर आधारित देसी नुस्खों का पूरे विश्व ने लोहा माना। प्रशासन नियंत्रक जय शंकर शरण ने 'दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता एवं लाभ' विषयक अपने व्याख्यान में उन्होंने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी ई आयुर्वेद किट के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गतवर्ष भारत सरकार के प्रयासों से विश्व के 112 देशों में आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष भारत सरकार ने 150 देशों में ऐसे कार्यक्रमों एवं अन्य माध्यमों से हमारी इस चिकित्सा पद्धति के व्यापक प्रचार-प्रसार का लक्ष्य निर्धारित किया है। कार्यक्रम का संचालन मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा ने किया। उन्होंने बताया कि यह दिवस आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की जयंती (धनतेरस) के अवसर पर प्रतिवर्ष मनाया जाता है। मुख्य वैज्ञानिक डॉ. सुचंदन पाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वित्त एवं लेखा नियंत्रक जय प्रकाश इंदौरा सहित वरिष्ठ वैज्ञानिकगण एवं अन्य सहकर्मी उपस्थित थे।